रीको की अविकसित व अर्धविकसित भूमि आवंटन नीति में निवेशकों का खासा रूझान

सोलर वेस्ट रिसाइकलिंग और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को आवंटित होगी भूमि

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेशकों को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से रीको द्वारा अविकसित एवं अर्धविकसित भूमि आवंटन के लिए लागू नीति के अंतर्गत सोलर वेस्ट रिसाइकलिंग एवं डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी दो कंपनियों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटित करने की मंजूरी दी है। रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत निष्पादित हुए एमओयू को औद्योगिक इकाइयों में बदलने पर गंभीरता से काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार राज्य को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए जल्द ही एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी लाने जा रही है। इसी दिशा में, रीको ने डिफेंस क्षेत्र की इंपीरियल आरमोरी

- **डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के हब के रूप में विकसित होगा राजस्थान : शिवांगी स्वर्णकार**

प्राइवेट लिमिटेड को उदयपुर खुर्द (किशनगढ़) में अविकसित भूमि आवंटन की स्वीकृति दी है। कंपनी यहां 162 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक डिफेंस उत्पादन इकाई स्थापित करेगी।

इसी प्रकार बाड़मेर जिले के देवका में वी7 इवन इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को अविकसित भूमि आवंटन करने की स्वीकृति दी है। कंपनी यहां सोलर वेस्ट स्क्रैपिंग एवं रिसाइकलिंग फैसेलिटी स्थापित करेगी, जिसमें लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश होगा जो प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है। परबतसर मल्टीमॉडल टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड ने राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान पीएम गति शक्ति लॉजिस्टिक टर्मिनल हेतु एमओयू किया था। कंपनी को नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे, जोधपुर डिवीजन से निजी रेलवे साइडिंग के निर्माण के लिए इन-प्रिंसिपल अप्रूवल प्राप्त हो चुकी है। कंपनी ने कुचामन-डीडवाना जिले के रीको औद्योगिक क्षेत्र परबतसर द्वितीय चरण में भूमि आवंटित की गई है।

इस परियोजना में लगभग 50 करोड़ रुपये का निवेश होगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यह टर्मिनल रेलवे की पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्कीम और राजस्थान की लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के अनुरूप स्थापित किया जाएगा जिससे स्थानीय खनन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

स्कूल वाहिनियों का दूसरे दिन भी औचक निरीक्षण

जयपुर (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर जिला की टीम ने मंगलवार को ग्रामीण इलाके की स्कूलों की बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव पवन जीनवाल ने पुलिस और आरटीओ टीम के साथ दिल्ली रोड और जमवारामगढ इलाके में बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ भारद्वाज भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान बच्चों को स्कूल ला रही मिनी बसों और वैन को बीच रास्ते रुकवाकर निरीक्षण किया। जिसमें सामने आया कि कई वाहनों के पास पूरे दस्तावेज नहीं थे। वहीं कई वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया गया था। इसके साथ ही वाहन में जीपीएस ट्रेकर और कैमरे भी लगे हुए नहीं मिले। वहीं अधिकांश वाहनों में आपातकालीन

- **दिल्ली रोड और जमवारामगढ़ इलाके में मोबाइल मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ भारद्वाज ने किया निरीक्षण**

निकास भी नहीं मिला। इस पर अनियमिता बरतने वाले वाहनों का मौके पर चालान सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई की गई। बीते दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर प्रथम और द्वितीय की टीमों ने भी औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की थी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रदेश के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दे रखे हैं कि वे साल में कम से कम तीन बार स्कूली वाहनों का निरीक्षण करेंगे। वहीं निरीक्षण रिपोर्ट दस अप्रैल, दस अगस्त और दस दिसंबर तक राज्य प्राधिकरण में भेजनी होगी।

नींदड आवासीय योजना में हनुमंत महायज्ञ कार्यालय का शुभारंभ आज

जगद्गुरु रामभद्राचार्य के सान्निध्य में 8 से 16 जनवरी तक होगी रामकथा

जयपुर (कासं)। सीकर रोड स्थित नींदड आवासीय योजना में 8 से 16 जनवरी तक होने वाले हनुमंत महायज्ञ के लिए तैयारियां तेजी पकड़ चुकी हैं। इसी क्रम में महायज्ञ के मुख्य कार्यालय का भव्य उद्घाटन मंगलवार शाम 4 बजे मुरलीपुरा बीड स्कूल के सामने एन वी बिल्डर्स पर किया जाएगा। संत-महात्माओं की उपस्थिति से कार्यक्रम आध्यात्मिक गरिमा से भर उठेगा।

आयोजन से जुड़े हाथोज धाम के महंत बालमुकुंदाचार्य एवं अनिल संत ने बताया कि कार्यालय उद्घाटन के बाद महायज्ञ से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ, समन्वय कार्य, सेवाभावी गतिविधियाँ और श्रद्धालुओं के लिए सूचना सेवाएं इसी कार्यालय से सुचारू रूप से संचालित होंगी। आने वाले दिनों में यह कार्यालय पूरे आयोजन का संचालन केंद्र बनेगा। आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आगमन होगा। उनके श्रीमुख से 8 से 16 जनवरी तक प्रतिदिन रामकथा का अमृतसंचार होगा। कथा श्रवण के लिए पूरे जयपुर ,नींदड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में श्रद्धालुओं में एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नींदड़ आवास योजना स्थित विस्तृत यज्ञ भूमि पर इन दिनों कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहा है।

विशाल आयोजन को देखते हुए अनेक प्रकार के मेगा डोम, पंडाल, विशाल यज्ञशाला, दर्शक दीर्घाएँ और सुविधाजनक मार्ग बनाए जा रहे हैं। यज्ञशाला निर्माण में पारंपरिक और आधुनिक दोनों प्रकार की व्यवस्थाओं का समावेश किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को एक दिव्य और अनुशासित वातावरण मिल सके। स्थानीय निवासियों और भक्तों ने बताया कि इस स्तर का आध्यात्मिक आयोजन पहली बार नींदड क्षेत्र में हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में उत्साह और भक्ति का वातावरण बन गया है। आयोजकों का कहना है कि आगामी जनवरी में नींदड क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक भव्यता का केंद्र बनने जा रहा है। यह भव्य महायज्ञ और रामकथा आने वाले दिनों में न केवल क्षेत्र की पहचान को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि समाज में भक्ति, संस्कार और सद्भाव का संदेश भी प्रसारित करेगी।

एयरपोर्ट पर मिला संदिग्ध पार्सल

जयपुर (कासं)। जयपुर एयरपोर्ट स्थित डोमेस्टिक कार्गो टर्मिनल पर स्क्रीनिंग के दौरान एक संदिग्ध पार्सल मिलने से सनसनी फैल गई। जहां सीआईएसएफ की टीम की ओर से स्कैन स्क्रीन पर पार्सल में नोटों की गड्डियों के बीच बैटरी नुमा इलेक्ट्रॉनिक वस्तु दिखाई दी। इसके बाद तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट किया गया। जानकारी के अनुसार पार्सल जयपुर से हैदराबाद के लिए इंडिगो कार्गो में बुक हुआ था। जयपुर एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल पर चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ की टीम को पार्सल में संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिला। इसे टीम ने जब्त कर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। इसके बाद पूरे स्कैनिंग क्षेत्र को घेराबंदी कर कर्मचारियों की आवाजाही सीमित कर दी गई। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित यूनिट्स को सूचना भेजी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पार्सल से जुड़े डॉक्यूमेंट की जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में कोई भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। लेकिन बैटरीनुमा डिवाइस की वास्तविक प्रकृति अस्पष्ट होने के कारण एटीएस टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

आर.पी.एस.सी. सचिव पेश होकर बताए भर्ती का सिलेबस कब जारी किया?

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 की 7 दिसंबर को होने वाली परीक्षा में अपडेटेड सिलेबस जारी नहीं करने से जुडे मामले में बुधवार 3 दिसंबर को आरपीएससी के सचिव को तलब किया है। अदालत ने आयोग सचिव से यह बताने को कहा है कि भर्ती का अपडेटेड सिलेबस कब जारी किया गया। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश यदुराज व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने दिसंबर, 2024 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए भर्ती निकाली थी। जिसका गत मार्च माह में सिलेबस जारी किया गया। वहीं बाद में सरकार ने नियमों में संशोधन कर न्यूनतम चालीस फीसदी अंक का प्रावधान कर दिया और दिसंबर माह वाली भर्ती को रद्द कर दी।

याचिका में कहा गया कि आयोग ने गत 18 सितंबर को नई भर्ती निकाल कर यथा-समय सिलेबस जारी करने की बात कही। इसके बावजूद आयोग ने अभी तक अपडेटेड सिलेबस जारी नहीं किया, जबकि 7 दिसंबर से भर्ती परीक्षा आरंभ हो रही है। ऐसे में अभ्यर्थी इतने कम दिनों में परीक्षा की तैयारी कैसे कर पाएगे।

याचिका में कहा गया कि आयोग ने पूर्व की कई भर्तियों में भी परीक्षा की तैयारी के लिए समय बढाया है। ऐसे में इस भर्ती की परीक्षा को स्थगित किया जाए और सिलेबस भी जारी किया जाए। इसका जवाब देते हुए आरपीएससी की ओर से अधिवक्ता एमएफ बेग ने कहा कि दिसंबर, 2024 की भर्ती के बाद सिलेबस जारी किया गया था। नई भर्ती में उसी सिलेबस को रखा गया है। ऐसे में नई भर्ती निकालने के बाद पुराने सिलेबस को अपलोड किया गया है। अभ्यर्थियों को किसी तरह का भ्रम ना हो, इसलिए उसे जारी करने की तारीख पुरानी वाली ही है, लेकिन उसे अपलोड नए भर्ती विज्ञापन जारी करने के बाद किया गया है। इस पर अदालत ने आयोग सचिव को पेश होकर इस संबंध में जानकारी देने को कहा है।

"सोना सिक्का" ब्रांड के नकली मूंगफली तेल के 39 टीन सीज

जयपुर । प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीम ने सोना सिक्का ब्रांड के मूंगफली तेल की निर्माता कंपनी श्याम एण्ड श्याम ऑइल, प्राइवेट लिमिटेड, बीकानेर के सेल्स ऑफिसर कमलकांत द्वारा उनकी कंपनी के नाम से बेचे जा रहे नकली मूंगफली तेल की शिकायत पर कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि शिकायत के आधार पर टीम तूंगा कस्बे में मैसर्स गिर्राज ट्रेडिंग कंपनी एवं मैसर्स गिर्राज प्रसाद प्रदीप कुमार पर पहुंची। इन दोनों फर्म के मालिकों ने बताया कि सोना सिक्का ब्रांड के मूंगफली तेल का ऑर्डर किया था जिस पर सप्लायर द्वारा भेजे गए सोना सिक्का के टीन संदिग्ध लगे, जिसकी सूचना दुकानदारों द्वारा कंपनी को दी गई।

जहां मौके पर टीम एवं कंपनी प्रतिनिधि ने तेल के टीन की जांच की, जिसमें टीन संदिग्ध पाए गए। एक दुकान पर 15 एवं अन्य दुकान पर 24 टीन सप्लाई किए गए थे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दोनों दुकानों से संदिग्ध सोना सिक्का ब्रांड के मूंगफली तेल के नमूने लेकर 39 टीन सीज किए गए।

साथ ही नमूने जांच के लिए केंद्रीय राज्य खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाए जायेंगे। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव ,अवधेश गुप्ता एवं नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

इस पूरे प्रकरण में मैसर्स गिर्राज ट्रेडिंग कंपनी एवं मैसर्स गिर्राज प्रसाद प्रदीप कुमार के दुकान मालिकों ने सजगता एवं सतर्कता दिखाते हुए कंपनी तक अपनी शिकायत पहुंचा कर संदिग्ध एवं घटिया क्वालिटी का तेल आमजन तक विक्रय होने से पूर्व ही रोक लिया गया,जो प्रशंसनीय है।

असमय दिवंगत 6 विद्युतकर्मियों के आश्रितों को 1.50 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

जयपुर (कासं)। राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से शुरू की गई व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को मुश्किल घड़ी में संबल प्रदान कर रही है। असमय ही दिवंगत हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम के 6 कार्मिकों के आश्रितों को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने मंगलवार को विद्युत भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक करोउ.50 लाख रूपए की बीमा राशि के चेक प्रदान किए। यह राशि निगम द्वारा राजकीय नियमों के अन्तर्गत देय परिलाभों के अतिरिक्त है।

ऊर्जा मंत्री ने दिवंगत कार्मिक बच्चू सिंह मीणा की पत्नी मनीषा मीणा को 1 करोड़ रूपए का चेक प्रदान किया। दौसा के मनोहरपुर सहायक अभियन्ता कार्यालय में तकनीशियन प्रथम पद पर कार्यरत बच्चू सिंह का इस साल 19 मई को सड़क दुर्घटना में देहावसान हो गया था। उन्होंने तकनीशियन (प्रथम) स्व. मनोज शर्मा एवं स्व. नवीन, तकनीशियन (द्वितीय) स्व. राकेश



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीड़ितों को 1.50 करोड़ रु. के चेक सौंपे।

सुमन, लाइनमैन (प्रथम) स्व. युधिष्ठिर कुमार सैनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी (कार्यालय अधीक्षक द्वितीय) स्व. दशरथ सिंह के आश्रितों को भी 10-10 लाख़ रूपए की सावधि बीमा राशि के चेक प्रदान किए। प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा अजिताभ शर्मा, चेयरमैन राजस्थान डिस्कॉम्स आरती डोगरा, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी, भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा विद्युत निगम कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भी इस दौरान उपस्थित रहे।

निगम के मुख्य कार्मिक अधिकारी हरिभूषण भाटिया ने बताया कि 22 अप्रेल 2025 को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की उपस्थिति में विद्युत

- **दुर्घटना के शिकार एक विद्युत कार्मिक की आश्रित पत्नी को एक करोड़ रूपए का क्लेम मिला**

निगमों ने मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय स्टेट बैंक के साथ कार्पोरेट सैलरी पैकेज के अन्तर्गत एमओयू किया था। जिसके अनुसार दुर्घटना मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में बैंक द्वारा आश्रितों को 1 करोड़ रूपए, आंशिक नि:शक्तता की स्थिति में 80 लाख रूपए का तथा अन्य परिस्थितियों में बीमा कवर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए न तो विद्युत निगमों ने बैंक को कोई प्रीमियम दिया है न कार्मिकों ने। इस बीमा का प्रीमियम बैंक स्वयं अदा कर रहा है। योजना के जरिए वितरण निगम बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक भार के अपने दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित परिजनों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर पा रहे हैं।

प्रवासी राजस्थानी समारोह व शहर के सौन्दर्य के लिए पैसा, परंतु जर्जर स्कूलों के लिए नहीं

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की जर्जर स्कूलों की मरम्मत करने का रोडमैप पेश नहीं करने को लेकर नाराजगी जाहिर की

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश की जर्जर स्कूलों की मरम्मत करने का रोडमैप पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने दो दिन में रोडमैप पेश नहीं करने पर 5 दिसंबर को शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होने को कहा है।

अदालत ने मामले में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार प्रवासी राजस्थानी समारोह करा रही है और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए पैसा खर्च किया जा रहा है, लेकिन समय की जरूरत होने के बावजूद भी स्कूलों पर पैसा खर्च नहीं किया जा रहा है। अदालत ने मौखिक रूप से चेतावनी दी कि यदि स्कूलों के लिए पैसा नहीं दिया तो सरकार के बाकी खर्च रोक दिए जाएंगे। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार कभी केन्द्र सरकार से बजट आने का कहती है तो कभी दूसरे मद से राशि मिलने की बात करती है, लेकिन सरकार के पास पैसा नहीं है। जस्टिस महेन्द्र गोयल

- **अदालत ने दो दिन में रोडमैप पेश नहीं करने पर 5 दिसंबर को शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत या वीसी के जरिए पेश होने को कहा है।**
- **अदालत ने मौखिक चेतावनी दी कि यदि स्कूलों के लिए पैसा नहीं दिया तो सरकार के बाकी खर्च रोक दिए जाएंगे।**

और जस्टिस अशोक कुमार जैन की खंडपीठ ने यह आदेश झालावाड़ में सरकारी स्कूल की छत गिरने से बच्चों की मौत के बाद लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद अदालत में पेश हुए। उनकी ओर से रोडमैप पेश करने के लिए अदालत से समय मांगा। इस पर अदालत ने कहा कि कई बार अवसर दिए जाने के बाद राज्य सरकार की ओर से अभी तक रोडमैप पेश नहीं किया गया है। ऐसे में आगामी सुनवाई तक रोडमैप पेश नहीं करने की सूरत में शिक्षा सचिव पेश होकर अपना जवाब दें।

अदालत ने 6 नवंबर को सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि सरकार साल 2047 के विजन की बात करती है, लेकिन स्कूलों को लेकर कल की प्लानिंग भी नहीं है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को जानकारी दी गई थी कि प्रदेश में करीब 86 हजार स्कूली कमरे क्षितग्रस्त हैं, लेकिन राज्य सरकार ने यह नहीं बताया था कि इन सभी कमरों को ठीक कैसे किया जा सकता है। इसके अलावा निर्माणाधीन इमारत और मरम्मत का बजट भी अलग-अलग नहीं बताया था।

तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने कई वाहनों को टक्कर मारी

जयपुर । टोंक रोड स्थित आजाद नगर में सोमवार देर रात 11 बजे तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने जमकर आंतक मचाया और कई राहगीरों को कुचलने का प्रयास किया। राहगीरों ने तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार को रोकने के लिए उस पर लाठी-डंडे और पत्थर बरसाए, लेकिन कार चालक ने उसकी रफ्तार और बढ़ा दी। जिसके बाद उसने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक आगे वाले टायर में फंस गई और तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर को रुकना पड़ा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शराब के नशे में धुत कार चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची सांगानेर थाना पुलिस ने फॉर्च्यूनर को जब्त कर चालक राजकुमार उर्फ राजू (40) खैरथल, तिजारा अलवर निवासी को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में धुत फॉर्च्यूनर कार चालक ने आजाद नगर में करीब 6-7 लोगों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। वहीं चार दुपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद फॉर्च्यूनर कार

- **टोंक रोड स्थित आजाद नगर में सोमवार देर रात 11 बजे का मामला**
- **भीड़ ने फॉर्च्यूनर पर लाठी, डंडे व पत्थर से किया हमला**
- **आगे वाले टायर के नीचे बाइक आने के बाद रुकी फॉर्च्यूनर कार, लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

चालक ने फरार होने का प्रयास किया। लेकिन एक बाइक फॉर्च्यूनर कार के आगे वाले टायर में फंस गई और तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर को रुकना पड़ा । जिसके बाद भी कार चालक ने भागने का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए लोगों ने फॉर्च्यूनर कार पर लाठी - डंडे -पत्थर से हमला कर उसे क्षितग्रस्त कर दिया।

सार-समाचार

गुरु तेग बहादुर साहिब की पुस्तक पर चर्चा

जयपुर । अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जयपुर की ओर से गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें बलिदान दिवस के अवसर पर डॉ. मंजीत कौर की पुस्तक महान "प्रेरक बलिदान-श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी" पर पुस्तक पाठक संवाद एवं परिचर्चा का आयोजन राजकीय महाराजा सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, चौड़ा रास्ता, जयपुर में किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता मनोज कुमार, संगठन मंत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद; इंदुशेखर तत्पुरुष, अखिल भारतीय साहित्य परिषद; डॉ मंजीत कौर, लेखिका; केशव शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन विकास तिवाड़ी परिचय मधुसूदन सिंह देवल ने दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजस्थान डॉ विपिन कुमार, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख डॉ महावीर कुमावत, पुस्तकालय के अध्यक्ष सहित अनेक पाठक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मनोज कुमार ने कहा कि बलिदान ही जीवन मूल्यों का आधार है। बलिदान के कारण ही देश, धर्म, संस्कृति और समाज जीवंत बने हुए हैं। बलिदान अपने आप में अनुपम, अतुलनीय और अद्भुत है-यही हमारी संस्कृति का संवाहक है। इंदुशेखर तत्पुरुष ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन भारतीय सांस्कृतिक चेतना का सर्वोच्च उदाहरण है। उनका बलिदान केवल धर्म-संरक्षण का प्रतीक नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के मानवीय मूल्य का वैश्विक संदेश भी है।

"मेरी शान है बिटिया" का लोकार्पण

जयपुर । खगड़िया गांधीनगर के मूल निवासी और वर्तमान में असम में हिंदी साहित्य की अलख जगाने वाले ई. विनय कुमार बुद्ध के संपादन में काव्य संकलन "मेरी शान है बिटिया" का लोकार्पण मंगलवार को जयपुर के रानी बाग रिसॉर्ट में हुआ। बेटी विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन मेरी शान है बिटिया के लोकार्पण कार्यक्रम में देशभर से आए साहित्यप्रेमियों, कवियों और समाजसेवियों ने बडी संख्या में भाग लिया। संकलन के संपादक विनय कुमार 'बुद्ध' (साहित्य सुधा मंच, असम) ने बताया कि यह काव्य संग्रह बेटियों के सम्मान, उनके संघर्षों, सपनों और सामाजिक संदेशों पर आधारित देश भर के 100 से अधिक कवियों की रचनाओं का अनूठा संकलन है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों को सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार 'राव' शिवराज पाल सिंह (जयपुर) ने संकलन की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक समाज में सकारात्मक परिवर्तन और बेटियों के महत्व को रेखांकित करने वाली महत्वपूर्ण पहल है। समारोह में अतिथियों ने आगामी साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया और बेटियों के सम्मान में ऐसे कार्यक्रमों को समय की मांग बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सत्यपाल साहू, सुधीर गुप्ता, ओमप्रकाश दोशाया, राम स्वरूप सिंह शेखावत आदि अनेक साहित्यप्रेमी और समाजसेवी मौजूद रहे।

साहित्यकार अनु बाफ़ना का सम्मान

जयपुर । संपर्क साहित्य संस्थान द्वारा मंगलवार को दुबई से जयपुर पहुंची साहित्यकार अनु बाफ़ना के सम्मान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिल शुक्ला ने की, जबकि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वयं अनु बाफ़ना रहीं। संपर्क संस्थान की महासचिव समन्वय रेनू शब्दमुखर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों एवं साहित्यिक गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. रेखा गुप्ता के सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्ष डॉ. अखिल शुक्ला ने अपने उद्बोधन में संपर्क संस्थान के सक्रिय साहित्यिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था निरंतर साहित्यिक संवेदना को समृद्ध करने में जुटी है और ऐसे आयोजन समाज में विचार-विमर्श की स्वस्थ परंपरा को मजबूत करते हैं। मुख्य अतिथि अनु बाफ़ना ने कहा कि राजस्थान की माटी के ऐसे प्रबुद्ध, संवेदनशील और सृजनशील साहित्यकारों के बीच आकर स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। जिस ऊँचाई की कल्पना भी कठिन है, संपर्क संस्थान ने आज मुझे उसी साहित्यिक रसधारा से जोड़ा है। साहित्यकार अनु बाफना को सम्पर्क सेवाश्री सम्मान से अलंकृत कर उनका सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल डॉ. ऋत्विज गौड़ ने समसामयिक मुद्दों पर प्रस्तुत कविताओं पर गहन व दूरदर्शी विचार रखे। इस मौके पर रेखा गुप्ता, डॉ. सुषमा, सरोज, पुष्पा, विजया, अविनाश, मुकेश, सुनीता त्रिपाठी, साधना रस्तोगी, पत्रकार मणिमाला शर्मा, तथा तोशी जांगिड़ ने कविताओं से भागीदारी निभाई।

उमंग ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस

जयपुर । विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) को उमंग ने एक उत्सव के रूप में मनाया। उत्सव के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर विविध गतिविधियों, खेल और संवादों के माध्यम से समावेशन की भावना को बढ़ावा दिया गया, जिसने इस आयोजन को वास्तविक अर्थों में विभिन्नताओं का उत्सव बना दिया। इस वर्ष कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विविधता को समझने, सराहने और अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इसी उद्देश्य से उमंग के विद्यार्थियों और स्टाफ ने जयपुर के तीन विद्यालयों जयश्री पेरिवाल स्कूल (चित्रकूट), कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल (मानसरोवर) और वर्धमान स्कूल में जागरूकता मेलों का आयोजन किया। इस आयोजन में सीनियर छात्रों ने ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधियों में पूरे उत्साह से भाग लिया। विद्यालय परिसरों में विभिन्न स्थानों पर दिव्यांगता पर आधारित रंगीन एवं जानकारीपूर्ण पोस्टर्स लगाए गए, जिनसे छात्र महत्वपूर्ण तथ्य जान सके। इन्हीं तथ्यों के आधार पर विभिन्न खेलों में भाग लेकर छात्रों ने पुरस्कार भी जीते, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक रोमांचक बन गई। उमंग निदेशक दीपक कालरा ने कहा, जब हम किसी को वास्तव में समझते हैं, तभी हम उन्हें स्वीकार कर पाते हैं।

हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार

जयपुर । खोह नागोरियान व आदर्श नगर थाना पुलिस ने ई-सिगरेट बेचने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जहां जिला विशेष टीम जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई कर खोह नागोरियान व आदर्श नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ई-सिगरेट बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किए है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने ई-सिगरेट बेचने वाले मोहन हरमानी को हिरासत में लिया है। उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि अवैध हथियार की रोकथाम के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन आग चलाया गया। इसी के साथ गैंगवार को रोकने के लिए ई-सिगरेट बेचने वालों के खिलाफ भी विशेष निगरानी की गई। टीम ने तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर खोह नागोरियान से आरोपी मेहराज खान (29) पुत्र रशीद जावेद विहार कॉलोनी ,खोह नागोरियान निवासी को एक अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने दूसरी कार्रवाई आदर्श नगर इलाके में की। पुलिस ई-सिगरेट बेचने के मनोज हरवानी (37) पुत्र तेजुमल शंकर नगर,ब्रह्मपुरी निवासी को 78 ई-सिगरेट सहित गिरफ्तार कर लिया।